A052-20222023-002-1368091

संख्या-42/2022/746/52-1-2022-पी0-22(एम0एस0डी0पी0)/2018

प्रेषक,

शकील अहमद सिद्दीकी,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
अल्पसंख्यक कल्याण, उत्तर प्रदेश,
इन्दिरा भवन, लखनऊ ।

अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 25 अगस्त, 2022

विषय– प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पूर्ववर्ती एम0एस0डी0पी0) के अन्तर्गत जनपद-रामपुर के विभिन्न विकास खण्डों में निर्माणाधीन 23 पेयजल आपूर्ति परियोजनाओं हेतु राज्यांश की द्वितीय किश्त की वित्तीय वर्ष 2020-21 में समर्पित धनराशि को वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्राविधानित बजट से पुन: आवंटित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-1083/अ0सं0क0नि0/पी0एम0जे0वी0के0/धन मॉग (330)/2022, दिनांक 13.06.2022 एवं पत्र सं0-1437/अ0सं0क0नि0/पी0एम0जे0वी0के0/धन मॉग (330)/2022, दिनांक 01.07.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिनके द्वारा विषयांकित परियोजनाओं के सम्बन्ध में द्वितीय किश्त की समर्पित धनराशि (राज्यांश) निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- अवगत कराना है कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या-13/427/2017-एम0एस0डी0पी0-एम0ओ0एम0ए0, दिनांक 26.03.2011 के क्रम में शासनादेश

shasanadesh.up.gov.in

संख्या-17/2018/पी0-28/52-4-2018-पी0-22(एम0एस0डी0पी0)/2018, दि0 30.03.2018 द्वारा प्रथम किश्त (केन्द्रांश+राज्यांश) की धनराशि अवमुक्त की गयी थी तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या-13/427/2017-एम0एस0डी0पी0-एम0ओ0एम0ए0, दिनांक 19.02.2021 के क्रम में शासनादेश संख्या-44/2021/632/52-1-2021-पी0-22(एम0एस0डी0पी0)/2018, दिनांक 31.03.2021 द्वारा उक्त कार्यदायी संस्था को द्वितीय किश्त (केन्द्रांश+राज्यांश) की धनराशि अवमुक्त की गयी, किन्तु वित्तीय वर्ष 2020-21 का अन्तिम दिन होने के दृष्टिगत अनाहरण के कारण कार्यालय ज्ञाप संख्या-यू0ओ0-21(1)/52-1-2021, दिनांक 31.03.2021 द्वारा प्रश्नगत परियोजनाओं की द्वितीय किश्त की सम्पूर्ण धनराशि समर्पित कर दी गयी, जिसके सापेक्ष द्वितीय किश्त केन्द्रांश मात्र की धनराशि रू0 1305.665 लाख शासनादेश संख्या-73/2021/1351/52-1-2021-पी0-22(एम0एस0डी0पी0)/2018, दिनांक 22.09.2021 द्वारा निर्गत की गयी। उक्त परियोजना हेतु उ0प्र0 जल निगम कार्यदायी संस्था नामित है।

3- अत: इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरोक्त परियोजनाओं की निर्गत केन्द्रांश के सापेक्ष अवशेष द्वितीय किश्त राज्यांश की धनराशि रू0 1305.665 लाख (रूपये तेरह करोड़ पांच लाख छाछठ हजार पांच सौ मात्र) योजना के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु संगत राज्यांश के **लेखाशीर्षक-4235-02-800-89-8917** में प्राविधानित बजट रू0 5250.00 लाख में से अवमुक्त कर आपके निवर्तन पर रखने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

(केन्द्रांश-50, राज्यांश-50) **(रू0 लाख में)**

क्र0	जनपद	योजना	इकाई	इकाई लागत	कुल अनुमोदित केन्द्रांश	कुल राज्यांश	पूर्व में अवमुक्त प्रथम किश्त (के0+रा0)	पूर्व में अवमुक्त द्वितीय किश्त (के0)	अवमुक्ति हेतु प्रस्तावित अवशेष द्वितीय किश्त राज्यांश
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	**रामपुर**	वि0ख0-बिलासपुर के महतोष में पाइप पेयजल आपूर्ति योजना	01	239.08	119.54	119.54	119.54	59.77	59.77
2	**तदैव**	वि0ख0-बिलासपुर के धावनी हसनपुर में पाइप पेयजल आपूर्ति योजना	01	306.08	153.04	153.04	153.04	76.52	76.52
3	**तदैव**	वि0ख0-बिलासपुर के पिपलिया गोपाल में पाइप पेयजल आपूर्ति योजना	01	298.14	149.07	149.07	149.07	74.535	74.535
4	**तदैव**	वि0ख0-बिलासपुर के खोंदलपुर में पाइप पेयजल आपूर्ति योजना	01	258.19	129.095	129.095	129.095	64.5475	64.5475
5	**तदैव**	वि0ख0-बिलासपुर के मुडियाखुर्द में पाइप पेयजल आपूर्ति योजना	01	173.19	86.595	86.595	86.595	43.2975	43.2975
6	**तदैव**	वि0ख0-बिलासपुर के अम्बरपुर में पाइप पेयजल आपूर्ति योजना	01	160.38	80.19	80.19	80.19	40.095	40.095
7	**तदैव**	वि0ख0-बिलासपुर के शिवनगर निकट रामनगर में पाइप पेयजल आपूर्ति योजना	01	199.61	99.805	99.805	99.805	49.9025	49.9025

shasanadesh.up.gov.in

8	**तदैव**	वि0ख0-बिलासपुर के मुल्लाखेड़ा में पाइप पेयजल आपूर्ति योजना	01	257.31	128.655	128.655	128.655	64.3275	64.3275
9	**तदैव**	वि0ख0-बिलासपुर के हजरतपुर में पाइप पेयजल आपूर्ति योजना	01	195.43	97.715	97.715	97.715	48.8575	48.8575
10	**तदैव**	वि0ख0-बिलासपुर के चकफेरी में पाइप पेयजल आपूर्ति योजना	01	208.00	104.00	104.00	104.00	52.00	52.00
11	**तदैव**	वि0ख0-बिलासपुर के पिपलिया मिश्र में पाइप पेयजल आपूर्ति योजना	01	160.27	80.135	80.135	80.135	40.0675	40.0675
12	**तदैव**	वि0ख0-बिलासपुर के खंण्डिया में पाइप पेयजल आपूर्ति योजना	01	160.99	80.495	80.495	80.495	40.2475	40.2475
13	**तदैव**	वि0ख0-बिलासपुर के डण्डिया नियामतगंज में पाइप पेयजल आपूर्ति योजना	01	212.54	106.27	106.27	106.27	53.135	53.135
14	**तदैव**	वि0ख0-बिलासपुर के लखीमपुर में पाइप पेयजल आपूर्ति योजना	01	162.05	81.025	81.025	81.025	40.5125	40.5125
15	**रामपुर**	वि0ख0-बिलासपुर के अलीपुर ठेका में पाइप पेयजल आपूर्ति योजना	01	190.87	95.435	95.435	95.435	47.7175	47.7175
16	**तदैव**	वि0ख0-सैदनगर के खंडिया में पाइप पेयजल आपूर्ति योजना	01	252.63	126.315	126.315	126.315	63.1575	63.1575
17	**तदैव**	वि0ख0-चमरौआ के कोयला में पाइप पेयजल आपूर्ति योजना	01	375.00	187.50	187.50	187.50	93.75	93.75
18	**तदैव**	वि0ख0-चमरौआ के नौगवां में पाइप पेयजल आपूर्ति योजना	01	255.75	127.875	127.875	127.875	63.9375	63.9375
19	**तदैव**	वि0ख0-चमरौआ के जुठिया में पाइप पेयजल आपूर्ति योजना	01	266.64	133.32	133.32	133.32	66.66	66.66
20	**तदैव**	वि0ख0-स्वार के मुकरमपुर में पाइप पेयजल आपूर्ति योजना	01	184.85	92.425	92.425	92.425	46.2125	46.2125
21	**तदैव**	वि0ख0-स्वार के देवीपुरा में पाइप पेयजल आपूर्ति योजना	01	218.25	109.125	109.125	109.125	54.5625	54.5625
22	**तदैव**	वि0ख0-शाहाबाद के बड़ागांव में पाइप पेयजल आपूर्ति योजना	01	227.77	113.885	113.885	113.885	56.9425	56.9425
23	**तदैव**	वि0ख0-शाहाबाद के हिम्मतपुर में पाइप पेयजल आपूर्ति योजना	01	259.64	129.82	129.82	129.82	64.91	64.91
		योग	23	5222.66	2611.33	2611.33	2611.33	1305.665	**1305.665**

shasanadesh.up.gov.in

4- अवमुक्त धनराशि का उपभोग निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन किया जायेगा:-

(1)- प्रश्नगत निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व विस्तृत आगणन तैयार कर सक्षम स्तर की स्वीकृति प्राप्त करने के साथ-साथ वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-138 में वर्णित व्यवस्थानुसार प्रयोजन पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा तथा अवमुक्त धनराशि को किसी अन्य मद में व्यय नहीं किया जायेगा। बजट मैनुअल नियमों के अन्तर्गत शासन या अन्य अधिकारी की पूर्व स्वीकृति आवश्यक हो, प्राप्त करके ही व्यय किया जायेगा। धनराशि के व्यय में वित्तीय नियमों का पालन किया जायेगा तथा केन्द्र सरकार द्वारा इस वित्त पोषित योजना के सम्बन्ध में लगाई गयी शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(2)- अवमुक्त धनराशि निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ के माध्यम से कार्यदायी संस्था **उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ** के प्रबन्ध निदेशक को हस्तान्तरित की जायेगी। अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष गुणवत्ता सहित निर्माण कार्य माह में पूरा कर लिया जायेगा। कार्य को कुल अनुमोदित धनराशि से ही पूर्ण किया जाना है। यदि इस मद में कोई वृद्धि होती है तो अतिरिक्त धनराशि नहीं दी जायेगी। निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 एवं कार्यदायी संस्था के प्रबन्ध निदेशक, के मध्य इस आशय का एम0ओ0यू0 (मेमोरेण्डम आफ अण्डर टेकिंग) भी हस्ताक्षरित किया जायेगा।

(3)- योजना की गाइड लाइन्स तथा शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों एवं सुसंगत शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए धनराशि का आहरण कार्य की वास्तविक आवश्यकतानुसार होगा। निर्माण कार्य में पायी गयी किसी तरह की अनियमितता के लिए कार्यदायी संस्था, उससे सम्बन्धित अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

(4)- निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि स्वीकृत किये जा रहे कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि प्राप्त नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है। **प्रस्तावित कार्य की द्विरावृत्ति नहीं हो रही है ।**

(5)- यथावश्यक उत्तर प्रदेश भण्डार क्रय नियमावली के प्राविधानों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाय। यदि कार्यदायी संस्था द्वारा शासकीय धन पर ब्याज अर्जित किया गया है तो उसे निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ राजकोष में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

(6)- कार्य की विशिष्टयॉ, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी निर्माणकारी संस्था की होगी तथा निर्माणकारी संस्था यह सुनिश्चित करेंगी कि कार्य निर्धारित समयावधि में ही पूर्ण हो जाय। निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित शिड्यूल रेट एवं विशिष्टियों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाय। प्रश्नगत पेयजल परियोजना के निर्माण का मानक वही होगी जो केन्द्र/राज्य सरकार के नमामि गंगे/जल शक्ति विभाग द्वारा निर्धारित है ।

shasanadesh.up.gov.in

(7)- परियोजना की लागत में टाइम ओवर रन/कास्ट ओवर रन न हो यह सुनिश्चित किया जायेगा। इस सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश एवं बजट मैनुअल के प्रस्तर-212 में दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्यों की गुणवत्ता उच्चकोटि की हो तथा समय-समय पर सम्पादित कराये जा रहे निर्माण कार्यों की मानीटरिंग की जायेगी।

(8)- उपरोक्त परियोजनाओं हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि को सम्बन्धित मद में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष उपलब्ध बचत से मिलान करने के उपरान्त ही निदेशालय द्वारा निर्गत किया जायेगा।

(9)- **वित्त विभाग के शासनादेश दिनांक 07.06.2022, 30.12.2021, 22.03.2021, 20.01.2021, 09.12.2020, 29.09.2020, 11.04.2020 एवं 24.03.2020, के प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।**

(10)- लेबर सेस की धनराशि नियमानुसार श्रम विभाग को भुगतान किया जायेगा।

(11)कार्यदायी संस्था द्वारा अनुमोदित सीमा तक सेन्टेज चार्ज लिया जायेगा।

(12)- कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण स्थल पर एक बोर्ड तैयार किया जायेगा, जिस पर योजना के स्वीकृत होने की तिथि, पूर्ण होने की तिथि, लागत, वित्त पोषण के स्रोत तथा लक्ष्य प्राप्त करने की तिथि आदि का अंकन किया जायेगा।

(13)-अवमुक्त धनराशि के उपभोग में मितव्ययितापूर्ण दृष्टिकोण अपनाते हुए वित्त विभाग के सुसंगत शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(14)- अनुदान ग्राही द्वारा योजनान्तर्गत अवमुक्त की जा रही धनराशि का एक पृथक खाता मेन्टेन किया जायेगा। अवमुक्त धनराशि पर यदि कार्यदायी संस्था द्वारा ब्याज अर्जित किया गया है तो उसकी वसूली निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा करके उसे राजकोष में जमा कराया जायेगा।

(15)- अवमुक्त धनराशि के व्यय के उपरान्त जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी से हस्ताक्षरित उपभोग प्रमाण-पत्र, त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट तथा निर्माण कार्य के फोटोग्राफ्स की सूची की दो-दो प्रतियां निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 को उपलब्ध करायी जायेंगी। तदोपरान्त निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित उपभोग प्रमाण-पत्र व उक्त अन्य अभिलेख शासन को उपलब्ध कराये जायेंगे।

(16)- प्रश्नगत निर्माण कार्य हेतु कार्यदायी संस्था को अवमुक्त की जाने वाली धनराशि को वित्त विभाग के शासनादेश **दिनांक 07.06.2022** में उल्लिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धो के अधीन आवश्यक धनराशि कोषागार से आहरण कर कार्यदायी

shasanadesh.up.gov.in

संस्था को उपलब्ध करायी जाय तथा कार्यदायी संस्था द्वारा पूर्व में दी गयी धनराशि के 80 प्रतिशत का उपयोग करने के उपरान्त अगले दो माह के लिये पुन: आवश्यक धनराशि कोषागार से आहरित करके दी जाये।

(17)- उपरोक्त कार्य के सम्बन्ध में सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य कराया जायेगा। अवमुक्त धनराशि से कराये गये कार्यों की गुणवत्ता की पुष्टि जिलाधिकारी द्वारा कर लिया जायेगा तथा शासनादेश में निहित व्यवस्था के अनुसार थर्ड पार्टी का निरीक्षण भी सुनिश्चित कराया जाना जिलाधिकारी, कार्यदायी संस्था एवं सम्बन्धित विभाग का संयुक्त दायित्व होगा। यदि गुणवत्ता में किसी प्रकार की शिकायत आती है तो उसे शासन तथा निदेशक,अल्पसंख्यक कल्याण को सूचित किया जायेगा तथा प्रथम किश्त के कार्यों की गुणवत्ता रिपोर्ट जिलाधिकारी से प्राप्त करने का दायित्व अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय का होगा तथा गुणवत्ता से संतुष्ट होने के उपरान्त ही धनराशि निर्गत की जाय।

(18) अवमुक्त धनराशि का आहरण दो माह की आवश्यकतानुसार किश्तों में किया जायेगा।

(19) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(20) प्रश्नगत स्वीकृति मानक के संबंध में निदेशालय, अल्पसंख्यक कल्याण द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर दी जा रही है, यदि मानक के संबंध में कोई सूचना गलत पायी जाती है तो इसका उत्तरदायित्व निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण का होगा।

(21) प्रश्नगत धनराशि के आहरण एवं व्यय के दौरान योजना से सम्बन्धित भारत सरकार की गाइडलाइन्स का अनुपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जायेगा।

(22) योजनान्तर्गत बाटआउटस आइटम्स की श्रेणी से अच्छादित कार्यों हेतु कार्यदायी संस्था को कोई भी सेन्टेज चार्ज देय नहीं होगा।

(23) केन्द्रपोषित योजनाओं के अन्तर्गत विगत वित्तीय वर्ष की अवशेष धनराशि के वर्तमान वित्तीय वर्ष में व्यय के सम्बन्ध में व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ऑफिस मेमोरेन्डम सं0-1(13)PFMS/2022 दिनांक 20.05.2022 द्वारा निर्गत दिशा निर्देश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

5- उक्त के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-48 के लेखा शीर्षक-4235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-02-समाज कल्याण-800-अन्य व्यय-89-केन्द्र प्रायोजित योजनाओं का संगत राज्यांश-**"8917-अल्पसंख्यक बाहुल्य जनपदों में मल्टी सेक्टोरल डिस्ट्रिक्ट प्लान के अन्तर्गत पेयजल आपूर्ति योजना-24-वृहत निर्माण कार्य"** के नामें डाला जायेगा।

shasanadesh.up.gov.in

6- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय **संख्या-E-4-137-दस-2022-23, दिनांक 17.08.2022** में प्राप्त सहमति से जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

(शकील अहमद सिद्दीकी)
उप सचिव।

संख्या-746(1)/बावन-1-2022-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम एवं द्वितीय उ0प्र0, इलाहाबाद।
3. बजट अधिकारी, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. अवर सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार 11वां तल, पर्यावरण भवन, सी0जी0ओ0 काम्पलेक्स लोधी रोड, नई दिल्ली।
5. प्रमुख सचिव, नमामि गंगे/जल शक्ति विभाग, उत्तर प्रदेश को इस आशय से प्रेषित कि प्रश्नगत पेयजलापूर्ति परियोजना के निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने हेतु अपने स्तर से भी सम्बन्धित अधिकारी को यथावश्यक निर्देश देने का कष्ट करें।
6. निजी सचिव, मा0मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण एवं हज को मा0मंत्री जी के अवलोकनार्थ।
7. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग को प्रमुख सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
8. निदेशक, नमामि गंगे/जल शक्ति विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
9. प्रबन्ध निदेशक, **उ0प्र0 जल निगम लि0 लखनऊ** को इस आशय से प्रेषित कि प्रश्नगत कार्य समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
10. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
11. जिलाधिकारी/जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, **रामपुर**।
12. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 को तीन स्वच्छ प्रति तथा वित्त-ई-4 को 01 प्रति।
13. लेखाधिकारी/वेब अधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त स्वीकृति अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
14. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(शकील अहमद सिद्दीकी)
उप सचिव।

shasanadesh.up.gov.in